BCM SCHOOL BASANT AVENUE LUDHIANA
Class VI
Hindi Assignment Ans.key MM 15

1.पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-(5)
जाति - धर्म या संप्रदाय का,
नहीं भेद- व्यवधान यहाॅ,
सबका स्वागत, सबका आदर
सब का सम सम्मान यहाॅ ।
राम, रहीम, बुद्ध ,ईसा का ,
सुलभ एक- सा ध्यान यहाॅ ,
भिन्न-भिन्न भव संस्कृतियों के
गुण गौरव का ज्ञान यहाॅ।
1. यह पद्यांश किस कविता से लिया गया है ,नाम लिखिए।
उत्तर -यह पद्यांश 'भारत माता का मंदिर'नामक कविता से लिया गया है।
2. कविता के कवि का नाम बताइए।
उत्तर -मैथिलीशरण गुप्त
3. भारत माता के मंदिर में किसका भेदभाव नहीं किया जाता?
उत्तर -भारत माता के मंदिर में जाति और धर्म का भेदभाव नहीं किया जाता।
4. संसार का पर्यायवाची पद्यांश में से ढूंढ कर लिखिए।
उत्तर - भव
5. इस कविता के माध्यम से कवि भारतवासियों में कौन सी भावना जागृत करना चाहते हैं?
उत्तर -कविता के माध्यम से कवि देशवासियों में देश- प्रेम की भावना जागृत करना चाहते हैं।
2. विलोम शब्द लिखिए-(2)
हर्ष -विषाद
सम्मान -अपमान
पवित्र -अपवित्र
मित्र -शत्रु
3. प्र उपसर्ग का प्रयोग करके दो शब्द बनाइए। (1)
प्रहार, प्रभाव
4. दिए गए शब्दों के दो-दो समानार्थक शब्द लिखिए। (2)
माता -जननी,अंबा
हर्ष-खुशी, प्रसन्नता
5. विशेषण चुनकर भेद बताइए-(3)
1. मेरे पास दो किलो चीनी है।
दो किलो- निश्चित परिमाणवाचक
2. यह किताब मेरी है।
यह -संकेत वाचक या सार्वनामिक विशेषण
3. कक्षा में कुछ बच्चे अनुपस्थित थे।
कुछ - अनिश्चित संख्यावाचक
6. दिए गए शब्दों से विशेषण की रचना कीजिए-(2)
1. धर्म -धार्मिक
2. सुख-सुखी